**संवेदनहीनता** रसोइया के घर बन रहा मध्याह्न भोजन, स्कूल की दयनीय स्थिति पर आक्रोश, तिरपाल के सहारे चल रही पढ़ाई

# धनगांव रैयत के 28 मासूम बच्चे जर्जर किचन शेड में पढ़ने को मजबूर



**मंडला 05 दिसंबर नभाप्र.** जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जनपद पंचायत मंडला के ग्राम पंचायत छपरी सिलपुरी के पोषक ग्राम धनगांव रैयत में संचालित शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला की दयनीय स्थिति शिक्षा विभाग की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। यहां पढ़ने वाले कक्षा पहली से पांचवीं तक के 28 मासूम बच्चे आज भी एक जर्जर और मात्र 10 वाई 10 के अधूरे किचन शेड में एक साथ बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। जानकारी अनुसार विद्यालय का मूल भवन जो लगभग 1998 के आसपास बना था, पिछले कई वर्षों से जर्जर हो चुका है और लगभग दो सालों से यह उपयोग के लायक नहीं बचा है। गांव में कोई सामुदायिक भवन या अन्य सुरक्षित स्थान उपलब्ध न होने के कारण, विद्यालय प्रबंधन को मजबूरन अधूरे पड़े किचन शेड में शिक्षण कार्य शुरू करना पड़ा। बारिश के दौरान पानी को अंदर आने से रोकने के लिए शिक्षकों को अस्थायी रूप से तिरपाल का सहारा लेना पड़ रहा है।

### मध्याह्न भोजन की भी गंभीर समस्या



बताया गया कि छोटे से कमरे में तिरपाल के नीचे पढ़ाई का यह माहौल सरकार के गुणवत्तायुक्त शिक्षा के दावों पर प्रश्नचिह्न लगाता है और बच्चों के भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। विद्यालय में न केवल सुरक्षित भवन का अभाव है, बल्कि रसोई घर भी जर्जर है। इस कारण सबसे गंभीर समस्या मध्याह्न भोजन से जुड़ी है। प्रबंधन को मजबूरी में रसोइया के घर पर भोजन बनवाना पड़ रहा है और बच्चों को वहीं जाकर भोजन करना पड़ता है। खुले में भोजन कराने पर जंगली जानवरों से खतरे की आशंका बनी रहती है, जिसके कारण यह अव्यवस्था झेलनी पड़ रही है।

### ग्रामीणों और अभिभावकों में आक्रोश

ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस स्थिति पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि वे कई बार वरिष्ठ कार्यालय को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जा सकी है। छपरी गांव दूर होने के कारण बच्चों को वहां भेजना संभव नहीं है और मजबूरी में उन्हें इसी जर्जर व्यवस्था में अपने बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है। अभिभावकों ने जिला प्रशासन से तत्काल बच्चों के लिए सुरक्षित भवन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### इनका कहना है

स्कूल भवन को लेकर हमारे सामने बड़ी समस्या है हमें बच्चों को पढ़ाने में बड़ी समस्या होती है, हमारी जिला के अधिकारियों से अनुरोध है की जल्द यहां स्कूल भवन का निर्माण कार्य कराया जाये।

**ददन यादव,** शिक्षक

बहुत जल्द ही स्थल निरीक्षण कर स्कूल भवनों के निर्माण की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करवाई जाएगी। जिले के जर्जर विद्यालय भवनों की सूची भोपाल स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दी गई है। ग्रामीण समुदाय को बेहतर शैक्षिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**शैलेश मिश्रा**

सभापति, निर्माण एवं संचार समिति, सदस्य, जिला पंचायत, मंडला

# मधुरम बेकर्स में चोरी का प्रयास, ताला तोड़कर घुसा चोर

## सीसीटीवी फुटेज में दिखा चोर, पुलिस ने शुरू की जांच





**मंडला 05 दिसंबर नभाप्र.** जिला मुख्यालय के बिंझिया क्षेत्र में स्थित मधुरम बेकर्स में गुरुवार देर रात चोरी का प्रयास किया गया। अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर और ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। चोर दुकान के भीतर घुसे और एक छोटे कैश काउंटर को उठाकर बाहर ले गए, जिसे उन्होंने कुछ दूरी पर फेंक दिया। चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वही फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया गया, जो सूक्ष्मता से जांच कर रही है।

जानकारी अनुसार बिंझिया से नेहरू स्मारक मार्ग पर स्थित मधुरम बेकर्स में अज्ञात चोर ने दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मधुरम बेकर्स के संचालक रितेश अग्रवाल को शुक्रवार सुबह ब्रेकर्स के स्टाफ ने दुकान खुली होने की सूचना दी, जिसके बाद उन्हें चोरी के प्रयास का पता चला। मौके पर पहुंचने पर दुकान के ताले टूटे मिले। बताया गया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच में एक चोर दिखाई दिया, जिसने देर रात करीब तीन घंटे तक दुकान के अंदर रहने की पुष्टि हुई है। रितेश अग्रवाल ने तुरंत चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दुकान का बारीकी से निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी। इसके साथ ही फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया, जो दुकान की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि फिलहाल चोरी गए सामानों का सही विवरण अंदर के पूरे निरीक्षण के बाद ही सामने आएगा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को आधार बनाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# नारायणगंज-जबलपुर मार्ग पर बाइक अनियंत्रित, युवक गंभीर घायल

## एनएच 30 के बलई पुल के पास हुआ हादसा, डायल 112 ने घायल को पहुंचाया अस्पताल



**मंडला 05 दिसंबर नभाप्र.** नारायणगंज-जबलपुर मार्ग पर बलई पुल से कुछ ही दूरी पर स्थित एक ढाबे के पास रात्रि करीब 9 बजे एक बाइक अनियंत्रित हो गई। इस सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक में सिर्फ एक युवक ही सवार था।

जानकारी अनुसार झांझनगर निवासी बाली प्रसाद परस्ते पिता श्याम लाल परस्ते उम्र 30 वर्ष किसी कार्य से नारायणगंज आया हुआ था और वहाँ से वापस अपने गांव झांझनगर लौट रहा था। इसी दौरान बलई पुल के पास उनकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई। बाली प्रसाद अपनी बाइक से नियंत्रण खो बैठे, जिसके कारण वह बाइक समेत सड़क से नीचे गिर गए। इस हादसे में युवक बाली प्रसाद को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना देखकर स्थानीय लोगों ने तत्काल टिकरिया थाना क्षेत्र के डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुँची। डायल 112 के आरक्षक आशुतोष उपाध्याय और पायलट अशोक यादव ने घायल युवक को बिना विलंब किए डायल 112 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज पहुँचाया, जहाँ उनका उपचार शुरू किया गया। घायल युवक की हालत ठीक बताई जा रही है। चिकित्सक की निगरानी में युवक का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# जन्मजात दिल में छेद के साथ कई बच्चे एनीमिया से ग्रसित मिले, किया हायर सेंटर रेफर

आरबीएसके टीम ने चौदस ग्राम में किया स्वास्थ्य परीक्षण
एनीमिया मुक्त भारत अभियान को मिली गति
निवास की आरबीएसके टीम ने बच्चों को दी आयरन की खुराक



**निवास 05 दिसंबर नभाप्र.** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास के अंतर्गत ग्राम चौदस का भ्रमण किया। टीम ने गाँव की आंगनवाड़ी और शासकीय प्राथमिक स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें बच्चों के समग्र शारीरिक और मानसिक विकास का आकलन किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम ने एक गंभीर मामला पाया। आंगनवाड़ी में पढ़ने वाली लगभग 2 वर्ष 6 माह की बच्ची नताशा पिता कैलाश, माता जयंती में कॉग्निटल हार्ट डिजीज (जन्मजात दिल में छेद) होने की आशंका व्यक्त की गई। इस आशंका के बाद बच्ची को तत्काल डीईआईसी मंडला के लिए रेफर किया गया है, जहाँ से उसे इको हार्ट जांच और आगे के इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है।

### अधिकांश बच्चे मिले माइल्ड टू मॉडरेट एनीमिया से पीड़ित

स्कूल में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं का हीमोग्लोबिन स्तर की भी जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि अधिकांश बच्चे माइल्ड टू मॉडरेट एनीमिया (हल्के से मध्यम स्तर का रक्त अल्पता) से पीड़ित हैं। आरबीएसके टीम ने इन बच्चों के शिक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को परामर्श दिया। बच्चों को 60 दिनों के लिए पिंक आयरन की गोली (आयरन फोलिक एसिड डोज) दिन में एक बार देने की सलाह दी गई। टीम ने समझाया कि यह खुराक न केवल रक्त आपूर्ति में सुधार करेगी, बल्कि बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति को भी बेहतर बनाने में मदद करेगी।

### मौसमी बीमारियों का किया तत्काल उपचार

एनीमिया के साथ-साथ कई बच्चों को सामान्य मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, जुकाम और शरीर में खुजली की शिकायत भी थी। टीम ने ऐसे बच्चों को तुरंत उपचार दिया और स्वास्थ्य संबंधी उचित सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इस स्वास्थ्य भ्रमण कार्यक्रम में आरबीएसके टीम से डॉ. अजय कुमार खांडेल और डॉ. मनोरमा पांडे के साथ स्कूल के शिक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल को सफल बनाने में सहयोग किया।

# सांसद कप क्रिकेट : बसंत ठाकुर का विस्फोटक शतक, फाइनल में पदमी टीम

घुघरी स्टेडियम में रोमांचक सेमीफाइनल
फाइनल में आएंगे मंडला सांसद





**घुघरी 05 दिसंबर नभाप्र.** घुघरी स्टेडियम ग्राउंड में चल रहे सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरूवार को एक रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें पदमी टीम ने शानदार जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह श्रीराम वॉइस पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता कुलस्ते वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक वेद प्रकाश कुलस्ते के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

बताया गया कि इस प्रतियोगिता में 10 ओवर के इस सेमीफाइनल मुकाबले में पदमी टीम और लाटो टीम आमने-सामने थीं। पदमी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 154 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पदमी टीम के ओपनर बल्लेबाज बसंत ठाकुर ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने मात्र 35 गेंदों पर 109 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें 11 छक्के और 4 चौके शामिल थे। उन्होंने गेंदबाजी में भी 1 विकेट हासिल किया।

जवाबी पारी में में खेलने उतरी लाटो की टीम 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 85 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस जीत के साथ पदमी टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, जहां उनका मुकाबला पहले से फाइनल में पहुंच चुकी घुघरी टीम से होगा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का आगमन होगा। फाइनल मुकाबले के लिए क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# नैनपुर में रेल्वे लोको पायलट्स की 48 घंटे की भूख हड़ताल, 10 सूत्रीय मांगों पर अड़े

## माइलेज वृद्धि, एनपीएस समाप्ति और ड्यूटी के घंटे तय करने की मांग, भारी ठंड में प्रदर्शन जारी





**नैनपुर 05 दिसंबर नभाप्र.** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन एसईसी रेल्वे केंद्रीय समिति के आह्वान पर बिलासपुर जोन के समस्त रनिंग स्टाफ लोको पायलट अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर नैनपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर लॉबी के सामने 48 घंटे की भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। बताया गया कि भारी ठंड के बावजूद दिन-रात जारी इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोको पायलट शामिल हैं, जिनमें एमडी जावेद, मनीष चन्देला, शैलेन्द्र यादव, कुलदीप दुबे, आकाश खुर्वे, आदर्श कुमार, प्रहलाद मेहता, राजेन्द्र अवधवाल, उमेश चन्देला, विवेक कुमार, पाण्डव कुमार, एमएन दुबे, शेष यादव, हरिश धुर्वे, वीरेन्द्र अमरोदिया, रविकांत पटेल, कृष्णकांत पटेल, आकाश रैकवार, योगेश झारिया, पंकज शर्मा, बबलू चौहान, विजय शिव, छुट्टू लाल और सद्दाम हुसैन प्रमुख हैं। लोको पायलटों की प्रमुख 10 मांगे है। जिसमें माइलेज भत्ता में वृद्धि की जाए, आयकर में छूट दी जाए, पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए, मेल, एक्सप्रेस पर 6 घंटे और मालगाड़ी पर 8 घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए, एसईसी रेल्वे में लोको पायलट संवर्ग के 4541 खाली पदों को शीघ्र भरा जाए। सुरक्षा और विश्राम उपलब्ध कराने के साथ अन्य मांगों में लोको पायलट से हैंड ब्रेक लगाना बंद कराया जाए। साइको फेल एलपी, एएलपी की वेतन कटौती रद्द हो और एएलपी को भी रिस्क भत्ता दिया जाए। संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका यह विरोध जारी रहेगा।

# मंडला में हिंदू सम्मेलन की तैयारी शुरू, कार्यालय का हुआ शुभारंभ

## लव जिहाद, मतांतरण के समाधान के लिए समाज को एकजुट करना मुख्य उद्देश्य







**मंडला 05 दिसंबर नभाप्र.** सकल हिंदू समाज द्वारा आगामी 18 जनवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को गति देने के लिए बस स्टैंड के पीछे स्थित कुंभ सभागार में हिंदू सम्मेलन कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में संत स्वामी शारदात्मानंद, स्वामी वेदत्वानंद और नीलू महाराज सहित संगठन के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति के संयोजक सुधीर कांसकार ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट कर स्थानीय स्तर पर नेतृत्व क्षमता विकसित करना है, ताकि लव जिहाद और मतांतरण जैसी सामाजिक समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर हो सके।

देश भर में एक लाख समितियों के गठन का लक्ष्य है। सम्मेलन का मूल भाव सामाजिक समरसता बढ़ाना और राष्ट्रहित में जिम्मेदार समाज का निर्माण करना है। आयोजन में कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी आचरण को भी प्राथमिकता दी जाएगी। समिति ने मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी और उन्हें नेतृत्व की भूमिका देने पर विशेष जोर दिया है।

# नैनपुर में केंद्रीय विद्यालय की राह खुली जनभागीदारी से तैयार होगा वैकल्पिक भवन

एसडीएम आशुतोष ठाकुर की पहल पर 2 लाख का खर्च उठाने को दानदाता, पत्रकार हुए सहमत

**नैनपुर 05 दिसंबर नभाप्र.** आगामी शिक्षा सत्र में नैनपुर में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की अधिसूचना जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने इसके संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तेज कर दी है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर आगामी सत्र से कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाएं संचालित करने हेतु नैनपुर नवीन स्कूल और जनपद स्कूल के भवन को केंद्रीय विद्यालय समिति को देना तय हुआ है। एसडीएम आशुतोष ठाकुर ने महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल भवन के सुधार कार्य के लिए नपा सीएमओ को निर्देशित किया। नगर पालिका ने इस जीर्णोद्धार पर अनुमानित 2 लाख का खर्च बताया। एसडीएम ठाकुर ने नगर के नागरिकों और पत्रकारों के साथ एक बैठक की। इसमें सभी ने सर्वसम्मति से इस खर्च को जनभागीदारी के माध्यम से स्वयं उठाने पर सहमति व्यक्त की और अंशदान तय कर दिया। जल्द ही नगर पालिका द्वारा एमएलबी भवन का छप्पर, फर्श और विद्युत व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। एसडीएम ने नगरवासियों की इस पहल को सराहनीय बताया।

# नारायणगंज में स्वदेशी जागरण अभियान का आयोजन, विद्यार्थियों ने ली शपथ

## जनभागीदारी से संपन्न हुआ कार्यक्रम, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और नागरिक रहे मौजूद



**नारायणगंज 05 दिसंबर नभाप्र.** विकासखंड नारायणगंज में स्वदेशी जागरण अभियान के प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। मंच का संचालन राकेश अग्रवाल ने किया, जबकि कार्यक्रम का प्रबंधन अनिल मेहरा द्वारा संभाला गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण कुमार झारिया, सुरेश सोनी, प्रगति जनकल्याण समिति मंडला से कमलेश पावले और अमरनाथ मरकाम सहित कई गणमान्य नागरिकों ने सहयोग दिया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद भोजन व्यवस्था का सहयोग देवेंद्र श्रीवास्तव सचिव, पटेहरा और अविनाश शर्मा उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत नारायणगंज के सौजन्य से किया गया। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य और समस्त शिक्षक स्टाफ का भी कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग रहा। एसडीएम, प्राचार्य, शिक्षकगण और उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर इस स्वदेशी जागरण अभियान को आगे बढ़ाने की शपथ ली।

# जल संचय अभियान, निवास के जवेधा और हीरापुर में बोरी बंधान का लिया निर्णय

नवांकुर संस्था ने रैली निकालकर किया जागरूक, घुघरी नाला पर जल संरक्षण की पहल





**निवास 05 दिसंबर नभाप्र.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था, आदिवासी जनकल्याण विकास संस्थान ने जल संचय अभियान के तहत निवास जनपद पंचायत के ग्राम जवेधा और हीरापुर में जागरूकता अभियान चलाया। जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के निर्देश और विकासखंड समन्वयक सूरज बर्मन के मार्गदर्शन में संस्था ने रैली निकालकर और नारे लिखकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

नवांकुर संस्था ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक आयोजित की, जिसमें घुघरी नाला पर बोरी बंधान करने का निर्णय लिया गया। इस पहल से ग्रामीणों को नहाने और पशुओं को पानी पीने के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। संस्था ने ग्रामीणों को ग्राम पंचायत के साथ मिलकर समय-समय पर सोक पिट निर्माण, तालाब निर्माण और मेढ़ बंधान जैसे जल संरक्षण कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया। बैठक में संस्था से अतुल रजक, सरपंच रमेश सैयाम, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र अहिरवार, कोटवार, पंच और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मंडला में आप का प्रदेश जोड़ो अभियान

## रिटायर्ड आईएएस कर्नल उमेश वर्मा करेंगे सभा को संबोधित

**मंडला 05 दिसंबर नभाप्र.** आम आदमी पार्टी के प्रदेश जोड़ो अभियान के तहत मंडला में रविवार को जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य और रिटायर्ड एलाइड आईएएस कर्नल उमेश वर्मा इस सभा को संबोधित करेंगे। वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रगुप्त नामदेव ने बताया कि सभा का उद्देश्य पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल की जनहितैषी नीतियों को जनता तक पहुंचाना है। सभा दोपहर 01 बजे गोंडी पब्लिक ट्रस्ट सभागार में शुरू होगी। सभा के समापन के बाद कर्नल वर्मा दोपहर ढाई बजे मीडिया से भी बात करेंगे।

**शिविर** अनियमित दिनचर्या से जूझते पुलिस बल के लिए जीवनदायिनी पहल, जबलपुर के शैल्बी हॉस्पिटल ने मंडला में लगाया विशेष स्वास्थ्य शिविर

# मंडला पुलिस हॉस्पिटल में 100 से अधिक कर्मियों ने लिया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ





**मंडला 05 दिसंबर नभाप्र.** एसपी रजत सकलेचा के निर्देशानुसार रक्षित केंद्र मंडला स्थित पुलिस हॉस्पिटल में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जबलपुर शैल्बी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ मेडिकल टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य पुलिसबल एवं उनके परिवारों को बेहतर उपचार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं समय पूर्व बीमारी की पहचान के प्रति जागरूक करना था। शिविर में जिले के विभिन्न थानों, चौकियों और पुलिस लाइन के 100 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। इस दौरान चिकित्सकों ने जनरल हेल्थ चेकअप, हड्डी रोग संबंधित जांच, स्त्री रोग संबंधी परामर्श, ब्लड प्रेशर और शुगर टेस्ट सहित कई आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम रही मौजूद

शैल्बी हॉस्पिटल की टीम में डॉ. अश्वनी नामदेव हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जनरल मेडिसिन और डॉ. रूपम स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित मेडिकल स्टाफ शामिल रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मंडला का मेडिकल टीम द्वारा स्वागत किया गया।

### स्वास्थ्य अनदेखी पर एसपी ने जताई चिंता





पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने शैल्बी टीम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग की कार्यप्रणाली, लंबे समय तक ड्यूटी, अनियमित दिनचर्या, खानपान तथा पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अक्सर पुलिसकर्मी अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। एसपी रजत सकलेचा ने बल दिया कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न पड़े, इसके लिए समय रहते स्वास्थ्य जांच एवं उपचार अत्यंत आवश्यक है, जिससे पुलिसकर्मी अपने पदीय कार्यों एवं पारिवारिक कर्तव्यों को अधिक दक्षता से निभा सकें। शिविर के कुशल संचालन में रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, सूबेदार गैलेंद्र, निखिल, विवेक, प्रधान आरक्षक लाभ सिंह, महासिंह एवं आरक्षक साकेश का सराहनीय योगदान रहा।